**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3000**
**दिनांक 08 अगस्त, 2023 / 17 श्रावण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए**

**दिल्ली में जल जमाव**

**†3000. श्री डी.के.सुरेशः**
**श्रीमती सुमलता अम्बरीशः**
**श्री नलीन कुमार कटीलः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि दिल्ली के कुछ भागों में भारी जल जमाव हो गया है और बाढ़ का पानी उच्चतम न्यायालय के परिसर तक पहुंच गया जिसके कारण लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है;**
**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(ग) क्या केन्द्र सरकार ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(घ) क्या सरकार ने लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए कोई कदम उठाए हैं क्योंकि नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण राजधानी और आस-पास के क्षेत्रों में बाढ़ आने की आशंका उत्पन्न हो गई है; और**
**(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)**

(क) और (ख): जी महोदय, जुलाई 2023 के मानसून में हुई भारी वर्षा एवं यमुना नदी के जलस्तर में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी के कारण, दिल्ली के कुछ हिस्सों, विशेषकर यमुना नदी के किनारे वाले स्थानों पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई।

(ग) से (ङ): गृह मंत्रालय ने सभी संबंधित प्राधिकारियों के साथ बैठेके की एवं स्थिति की रिअल टाइम बेसिस पर निगरानी की। स्थिति से निपटने में स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिए एनडीआरएफ की 16 टीमें और सेना की 06 टुकड़ियां तैनात की गई। सभी के समन्वित प्रयासों के कारण, स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।

******